## खबर संक्षेप

### भतीजे पर कुल्हाड़ी से हमला, इलाज के दौरान मौत

**मैहर।** जिले के बंशीपुर अमिलिया गांव में शनिवार की सुबह 11 बजे किसी बात को लेकर चाचा ने भतीजे आशिक रावत पर कुल्हाड़ी से जान लेवा हमला कर दिया,जिससे भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गया जिसके बाद परिजन मैहर सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने इलाज के बाद सतना जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। सतना जिला अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है,मृतक के परिजनों ने बताया कि आशिक का अपने चाचा लाली कोल से जमीनी विवाद था जिसके चलते लाली एवं उसका परिवार रंजिश मानता था बताया इसी रंजिश के चलते शनिवार की सुबह फिर विवाद गहरा गया और चाचा लाली एवं बेटे पवन ने उसपर कुल्हाड़ी से जान लेवा हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया वहीं खेत में बने इंदारा में फेक दिया था। थाना प्रभारी अनिमेष द्विवेदी ने बताया कि किसी बाद को लेकर दोनों पक्षों में विवाद के बाद घायल को मैहर अस्पताल लाया गया जहां से सतना अस्पताल रेफर कर दिया गया था जहां उसकी मौत हो गई। मैहर थाना पुलिस ने सूचना मिलने के बाद आरोपी को पकड़ने के लिए मौके पर छापे मारी की मगर आरोपी फरार हो गए जिनकी तलाश की जा रही है।

### शासकीय आईटीआई में एक प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन 12 जून को

**सतना।** कौशल विकास संचालनालय के तत्वाधान में तथा शासकीय आईटीआई के प्राचार्य के सहयोग से शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सतना में एक दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन 12 जून को प्रातः 10 बजे से किया जायेगा। जिसमें कंपनी मायलॉन लेबोराट्रीज लिमिटेड पीथमपुर धार में शैक्षणिक योग्यता 10 वीं, फिटर, टर्नर, मशीनिष्ट, इलेक्ट्रीशियन, वेल्डर,व्हीकल इलेक्ट्रानिक्स मैकेनिक, मोटर मैकेनिक, डीजल मैकेनिक, ट्रैक्टर, इंजीनियरिंग ट्रेड में शासकीय आईटीआई में एनसीवीटी/ एससीवीटी वर्ष 2024-25 में 60 प्रतिशत के साथ प्रथम प्रयास में उत्तीर्ण अंतिम वर्ष में प्रशिक्षणरत पुरूष अभ्यर्थी शामिल हो सकते है। आवेदक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं अधिक आयु 25 वर्ष निर्धारित है। प्लेसमेंट ड्राइव में आवेदक अपने समस्त मूल प्रमाण पत्रों एवं बायोडाटा सहित निर्धारित स्थान पर उपस्थित होकर रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं।

### मंदाकिनी नदी संरक्षण के लिए बृहद कार्य योजना की जरूरत



**सतना।** जदयू राष्ट्रीय समिति के पूर्व सदस्य अधिवक्ता सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि पवित्र मंदाकिनी नदी के अस्तित्व को और धारदार बनाये रखने के लिए जरूरी है कि राज्य और जिला स्तर पर बृहद व कारगर कार्य योजना बने जिससे उसका संरक्षण और संवर्धन हो सके इसके लिए जितना दायित्व शासन प्रशासन का है उतना ही महत्व स्थानीय लोगों के जनसहयोग का है जो मां मंदाकिनी के बढ़ते प्रदूषण से उसे मुक्त करने का संकल्प लें इसके लिए आम नागरिकों को इससे जोड़ने जिला प्रशासन अभिनव प्रयास करे तो बेहतर होगा और लोगों को जाग्रत करने जल संरक्षण विशेषज्ञों के साथ नागरिकों की भागेदारी के लिए प्रोत्साहित किया जाए,प्रशासनिक स्तर पर जनजागरण चले। श्री शर्मा ने कहा कि मंदाकिनी के घटते जल स्तर को नर्मदा जल से मिलाने की कार्ययोजना को बरगी टनल प्रोजेक्ट पूरा करके संभव बनाया जा सकता है।



### कई लोग घायल, एक की हालत गंभीर

# बिरसिंहपुर में दो पक्षों के बीच संघर्ष, पथराव,आगजनी

**सतना।** जिले के बिरसिंहपुर कस्बे में शनिवार सुबह दो पक्षों के बीच पुरानी रंजिश को लेकर विवाद हो गया। विवाद के दौरान एक युवक पर लाठी से हमला किया गया। इसके बाद दोनों पक्षों में पथराव हुआ।





एक पक्ष ने दूसरे पक्ष की दो बाइक को तोड़-फोड़ दिया और आग लगा दी। घटना का वीडियो भी सामने आया है। घायल शिवांक तिवारी को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया,जहां से जिला अस्पताल और फिर हालत गंभीर होने पर रीवा के संजय गांधी अस्पताल रेफर कर दिया गया। विवाद की वजह सिरप की बिक्री बताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक,शिवांक तिवारी और उसके दोस्तों का इलाके के कुछ मुस्लिम युवकों से लंबे समय से विवाद चल रहा था। यह विवाद इलाके में कोरेक्स सिरप की बिक्री को लेकर शुरू हुआ था। कुछ महीने पहले तिवारी परिवार के युवकों ने एक मुस्लिम युवक का कोरेक्स बेचते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया था। इसके बाद से दोनों पक्षों के बीच तनाव बना हुआ था। दूसरे पक्ष ने दो बाइकों में तोड़फोड़ की और उनमें आग लगा दी। शनिवार सुबह हनुमान मंदिर के पास जब शिवांक अकेला मिला तो दूसरे पक्ष ने उस पर लाठी से हमला कर दिया। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच गाली-गलौच और पथराव शुरू हो गया। एक पक्ष के भाग जाने के बाद,दूसरे पक्ष ने दो बाइकों में तोड़फोड़ की और उनमें आग लगा दी।

#### मौके पर पुलिस बल तैनात

घटना की सूचना मिलते ही चित्रकूट एसडीओपी रोहित राठौर,सभापुर थाना प्रभारी शंखधर द्विवेदी, धारकुंडी थाना प्रभारी शैलेंद्र पटेल सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर तैनात किया गया। सभापुर पुलिस वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान में जुटी हुई है।



# तेज रफ्तार बस पलटी, कई यात्री घायल



**मैहर।** एन एच-30 में तेज रफ्तार बस अनियंत्रित हो कर पलट गई। जिसमें बैठे यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। बस पलटने के दौरान विद्युत पोल टूट गया जिसमें 33 केवी का करंट दौड़ रहा था। मौके पर पहुंची अमरपाटन पुलिस ने सूझ बूझ के साथ करंट तारो को देखते हुए घायलों को निकालकर इलाज के लिए सिविल अस्पताल अमरपाटन भेजा गया जहां से सतना रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि शुक्रवार और शनिवार की रात्रि 02 बजे के दरमियान मैहर के अमरपाटन थाना अंतर्गत झिन्ना नाला बाईपास के पास अनियंत्रित होकर बस यूपी 50 सीटी 1368 पलट कर नीचे गड्ढे में चली गई बस में पचास से ज्यादा यात्री सवार थे बस उत्तरप्रदेश मऊ से महाराष्ट्र नागपुर जा रही थी जिसमें बैठे दस यात्रियों को गंभीर चोटें आई है घटना की सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी अमरपाटन के पी त्रिपाठी पुलिस बल के साथ पहुंच रेस्क्यू कर सभी यात्रियों को एक एक कर बस के बाहर निकाला और घायलों को 108 एंबुलेंस से अमरपाटन अस्पताल भेजा जहां सभी घायलों का इलाज किया जा रहा है। अभी भी कुछ घायल यात्री घटनास्थल पर इलाज के इंतजार में बैठे हुए हैं और उनका समान बस के अंदर ही फंसा हुआ है बस मालिक की तरफ से अभी कोई सहायता नहीं दी गई है।



# वन विभाग ने इमारती लकड़ियों के साथ 2 को किया गिरफ्तार



#### 13 नग सागौन, 3 गट्ठा जलाऊ और 1 नग सेझा की लकड़ी जब्त

**सतना।** नरों हिल्स वनखंड में अवैध लकड़ी कटाई के मामले में वन विभाग के अधिकारियों ने दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। विभाग की टीम ने लेदरा गांव में दो लोगों के घरों से अवैध सागौन और सेझा की लकड़ी बरामद की है। जिसके बाद दो लोगों को गिरफ्तार किया गया।

#### आरोपियों ने जंगल से लकड़ी काटने की बात स्वीकारी

यह कार्रवाई एसडीओ डॉ.लाल सुधाकर सिंह के नेतृत्व में की गई। उचेहरा,मझगवां और नागौद की टीमों ने मामले की जांच की। उचेहरा रेंजर सचिन नामदेव की सूचना पर बाबूलाल साकेत के घर छापा मारा गया। पूछताछ में बाबूलाल ने जंगल से लकड़ी काटने की बात स्वीकार की और अपने साथी बिहारी साकेत का नाम भी बताया।टीम ने बाबूलाल के घर से 6 नग सागौन और 3 गट्ठा जलाऊ लकड़ी जब्त की। वहीं,बिहारी साकेत के घर से 7 नग सागौन की बल्ली और 1 नग सेझा की लकड़ी बरामद हुई। दोनों आरोपियों के खिलाफ वन अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है। एसडीओ ने बताया कि इस मामले में अन्य संदिग्धों की तलाश जारी है। कई जगहों पर टीमें भेजी गई हैं। यह कार्रवाई नरों हिल्स वनखंड की बाबूपुर सर्किल की महेवा बीट के पी-800 और पी-801 में सागौन के पेड़ों की अवैध कटाई की जांच के दौरान की गई।



# मस्जिदों में नमाज और कब्रिस्तान में पढ़ी गई फातिया

**सतना।** कुर्बानी का पर्व ईद-उल-अजहा शनिवार को परंपरागत तरीके से मनाया गया। शहर की 23 मस्जिदों में सुबह नमाज अदा की गई। नमाजियों ने देश में अमन-शांति के लिए दुआएं मांगी। जिला मरकजी सीरत कमेटी के अध्यक्ष जिया बेग ने कहा-शासन की गाइड लाइन के अनुसार त्योहार मनाया गया। कुर्बानी से निकलने वाली खाल मस्जिदों के बाहर एकत्रित की गई। नगर निगम इसे सतना नदी, रेलवे मैदान और टिकुरिया में डिस्पोज करेगा। ईदगाह मस्जिद और मदरसा अनवारुल उलूम में 8:30 बजे और जामा मस्जिद चिकाने में 8:15 बजे नमाज अदा की गई। मरकज मस्जिद में 8 बजे,मस्जिद अल-हाफिज में 7:30 बजे और मक्का मस्जिद में 7:15 बजे नमाज हुई। बरकाती मस्जिद,नूरी मस्जिद और नूरानी मस्जिद में भी नमाज का आयोजन किया गया। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। मस्जिदों के बाहर जन प्रतिनिधि,समाजसेवी और प्रशासनिक अधिकारियों ने मुस्लिम समाज को बधाई दी। नमाज के बाद घरों में बकरे की कुर्बानी दी गई और कब्रिस्तान में फातिया पढ़ी गई।कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार और एसपी आशुतोष गुप्ता ने नमाज से पहले मस्जिदों का दौरा किया। सभी मस्जिदों के बाहर पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था की गई। नगर निगम ने नमाजियों के लिए पानी के टैंकर की व्यवस्था की थी।

# एकेएस विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय कत्थक कार्यशाला का समापन

#### उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत महाविद्यालय का आयोजन

**सतना।** एकेएस विश्वविद्यालय सतना के कलामंच में विश्वविख्यात कथक नृत्यांगना विद्याहरि देश पाण्डे के मार्गदर्शन में त्रिदिवसीय कथक नृत्य कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसमें गणेश भजन, तराना,परन तोडे,तिहाई कवित्त,तीन ताल धमार,नील ताल,आडा चारताल में नृत्य का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के संचालक उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत महाविद्यालय के रमाकान्त त्रिपाठी रहे और साथी कलाकारों के साथ तबला संगत ऋषभ त्रिपाठी ने की। विश्व विख्यात कथक नृत्यांगना विद्याहरि देशपाण्डे ने समापन अवसर पर 70छात्राओ को संबोधित भी किया।उल्लेखनीय है कि विगत 17 वर्षो से निरंतर यह कार्यशाला चल रही है। कथक प्रदर्शन में कहानियाँ आम तौर पर हिंदू भगवान कृष्ण के बारे में होती हैं,और कहानियाँ भागवत पुराण या भारतीय महाकाव्यों जैसे स्त्रोतों से आती हैं। अभिव्यक्ति का यह रूप ठुमरी और फ़ारसी ग़ज़लों में भी पाया जाता है। कला की बारीकियां सीख रहे साधको को कार्यशाला में नासिक की विद्या हरि देशपांडे प्रशिक्षण दे रही हैं।कलाकार कत्थक को और नजदीक से समझ सके और व्यावहारिक पक्षों से रूबरू हों इसलिए तीन दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। प्रशिक्षिका देशपांडे का कहना है की यहां के प्रशिक्षणार्थियों में इस कला को सीखने का जिस तरह उत्साह है इससे में काफी प्रभावित हूं,सीखने के लिए जरूरी है कि हमारे भीतर जिज्ञासा हो, कोई भी कला हो उसको अपने भीतर उतारने में मेहनत,लगन और धैर्य की जरूरत होती है। कार्यशाला में हम इस कला की गहराई और उसके और भी पक्ष जो आमतौर पर जिनको हम समझ नहीं पाए उनसे परिचित कराने का प्रयास कर रहे हैं। विश्व विख्यात कथक गुरु बिरजू महाराज की शिष्या विद्याहरि देशपांडे का कहना है कि जीवन में कला जरूरी है यह हमारी सोच व्यक्तित्व के दायरे को विस्तार देती है। कत्थक शास्त्रीय संगीत की एक ऐसी विधा है जो हमारे संपूर्ण व्यक्तित्व को निखारती है। पहले शास्त्रीय संगीत की यह विधाएं एक खास वर्ग तक सीमित थी अब इसकी पहुंच आम वर्ग तक हो गई है इस विधा को सीखने के लिए किसी गुरु का होना जरूरी है जो हमारी गलतियों में सुधार कर सके। समापन अवसर के मुख्य अतिथि मणिकांत माहेश्वरी,अनंत कुमार सोनी,डा.व्ही.के.गांधी,अंजनी पाण्डेय,धनराज गुप्ता,विनोद मिश्रा,संध्या गांधी,साधना सोनी,वंदना अग्रवाल,राधा सिंह,प्रिया वर्मा, अशोक वसानी,प्रीती सिंह,ऋषभ त्रिपाठी,हेमन्त गौतम,सोनल वसानी,छाया वसानी,सुकृति सोनी उपस्थित रहे। सभी प्रतिभागियों को कत्थक नृत्य कार्यशाला का प्रमाण पत्र अतिथियों द्वारा प्रदान किया गया।



### कांग्रेस के आरोपों से तिलमिलाए भाजपा विधायक बोले- मैं ठेकेदारी नहीं करता



**सतना।** कांग्रेस नेता मुकेश नायक द्वारा चित्रकूट के भाजपा विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार पर विधायक निधि के पैसे से भ्रष्टाचार करने संबंधी लगाए गए आरोपों के बाद शनिवार को सर्किट हाउस में प्रेस कांफ्रेंस बुलाई और सफाई देते हुए सिलसिले वार जवाब दिया उन्होंने कहा कि मैं कोई ठेकेदारी नहीं करता हूं। यह बदनाम करनें की सोंची समझी प्रायोजित साजिश है। गैर जिम्मेदाराना उल जलूल बातें करने से जनहित प्रभावित होता है। कोई नेता नही बन जाता। उन्होंने कहा कि विधायक सुरेन्द्र सिंह गहरवार और ना ही उनका परिवार विधायक निधि के भरोसे जीवत नही है ना स्वंय भी कोई ठेकेदारी करते। पत्रकार वार्ता में भाजपा जिला अध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पाण्डेय जिला मीडिया प्रभारी श्याम लाल गुप्ता श्यामू मंडल अध्यक्ष प्रमोद दुबेदी मनीष त्रिपाठी कामता यादव रमेश धुर्वे उपस्थित रहे।

### रेगुलर, नॉन रेगुलर कर्मचारियों के डाटा का परीक्षण सरकार की निरंतर प्रक्रिया

**सतना।** राज्य शासन द्वारा रेगुलर और नॉन रेगुलर कर्मचारियों के डाटा का परीक्षण आईएफएमआईएस सॉफ्टवेयर के माध्यम से नियमित रूप से किया जा रहा है। यह एक निरंतर प्रक्रिया है। इस संबंध में कार्यालय आयुक्त एवं लेखा द्वारा सभी कोषालय, आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को समय-समय पर पत्र लिखकर डाटा की पुष्टि के लिए निर्देश दिए गये है। आयुक्त कोष एवं लेखा कार्यालय के अंतर्गत एक राज्य वित्तीय इंटेलिजेंस सेल (एस.एफ.आई.सी.) संचालित है जो नियमित अंतराल पर कोषालय के डाटा का विश्लेषण करता है। जिसमें कर्मचारियों के वेतन आहरण की मॉनिटरिंग भी की जाती है। इस सेल द्वारा ऐसे लगभग 50 हजार कर्मचारियों के कर्मचारी कोड के डेटा का विश्लेषण किया गया, जिनके पिछले चार महिनों से वेतन का आहरण कोषालय सॉफ्टवेयर से नहीं किया गया। इसलिए ऐसे कर्मचारियों के विवरण का सत्यापन कोषालय अधिकारियों के माध्यम से संबंधित डी डी ओ से करवाये जाने हेतु आयुक्त कोष एवं लेखा द्वारा निर्देश जारी किये गये हैं। यह एक निरंतर प्रक्रिया है जो समय-समय पर आयुक्त कोष एवं लेखा कार्यालय द्वारा की जाती है।

## खबर संक्षेप



### नगर पालिका अधिकारी ने कार्रवाई सफाई

**अमान गज पन्ना।** झिरयन मोहल्ला वार्ड क्रमांक 5 में नगर परिषद अमानगंज मुख्य नगर पालिका अधिकारी राम मिलन तिवारी के द्वारा वार्ड क्रमांक 5 की साफ सफाई एवं नाले में जाम कचरा को साफ सफाई का निरीक्षण किया और कर्मचारियों को सफाई के लिए आवश्यक निर्देश दिए कि समय समय पर नाले एवं नलियों की सफाई की जानी चाहिए।

### मिडासन का पानी हो रहा दूषित, नगर के नाला का पानी नदी में पहुंचा



**पन्ना।** नगर अमानगंज से निकलने वाली पवित्र नदी मिडासन का पानी आए दिन प्रदूषित हो रहा है। जिसका कारण सुलभ कंपलेक्स नया बस स्टैंड की तरफ से आने वाला नाला का पानी है। यह गंदा पानी मोक्ष दयानी पवित्र नदी मिडासन नदी में आकर मिल जाता है और नदी के ऊपर बने हुए रपट्टा के अंदर पानी भरता जा रहा है। जिसके कारण नदी का जल प्रदूषित हो गया है। जल प्रदूषित होने के कारण जल का उपयोग कोई भी मनुष्य नहीं कर रहा है। मालूम हो कि रफ्टा के ऊपर से पानी न निकासी होने के कारण पानी का भराव नदी किसी और होता जा रहा है और नदी के पानी प्रदूषित हो रहा है।

### शेफाली का कैंपस सिलेक्शन



**पन्ना।** देवेंद्रनगर की गौरवशाली संस्था सरस्वती शिशु मंदिर से जुड़े रहे संस्थापक सदस्य एवं आजीवन उपाध्यक्ष स्वर्गीय ब्रजकिशोर अग्रवाल की नातिन शेफाली अग्रवाल का चयन देश की प्रतिष्ठित बहुराष्ट्रीय कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज में मैनेजमेंट ट्रेनी के पद पर एक आकर्षक पैकेज के साथ हुआ है। विट्स कॉलेज, सतना की एमबीए (फाइनल ईयर) की छात्रा शेफाली की इस उपलब्धि ने न केवल उनके परिवार को गौरवान्वित किया है, बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में देवेंद्रनगर का नाम भी रोशन किया है। चयन प्रक्रिया में उनके रिज़्यूमे, एटीट्यूड, कम्युनिकेशन स्किल्स एवं मैनेजमेंट स्किल्स को प्रमुखता से आंका गया। उनके दो शोधपत्र अंतरराष्ट्रीय जर्नल्स में प्रकाशित हो चुके हैं। शेफाली के पिता श्री कृष्ण कुमार अग्रवाल, जो एक व्यवसायी हैं, ने बताया कि "हमें शेफाली की जन्म से ही क्षमताओं पर विश्वास था। वह प्रारंभ से ही आत्मविश्वासी और परिश्रमी रही है। आज उसकी मेहनत रंग लाई है। वे सतना की समाजसेवी संस्था 'सेवा संकल्प' से भी सक्रिय रूप से जुड़े हैं, जो जिला चिकित्सालय में मरीजों व उनके परिजनों को भोजन उपलब्ध कराने का सेवा कार्य अनेक वर्षों से निरंतर कर रही है। शेफाली की माता श्रीमती अनीता अग्रवाल, एक कुशल गृहिणी, ने कहा कि"शेफाली के मस्तिष्क में शुरू से ही कुछ बड़ा करने की लगन थी। उसने दिन-रात मेहनत की और आज उसका सपना पूरा हुआ है।" पत्रकार विकास परिषद, मध्यप्रदेश वैश्य महासम्मेलन, जीरो क्लब, सेवा संकल्प संस्था के समस्त सदस्यों, एवं सरस्वती शिशु मंदिर देवेंद्रनगर की संपूर्ण कार्यकारिणी व स्टाफ ने बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएँ प्रेषित की हैं। वहीं, विट्स कॉलेज के चेयरमैन सुनील सेनानी, डॉ. प्रीति हिंदुस्तानी, अखिल प्रताप सिंह, निवेदिता मिश्रा, प्रो. संकल्प शुक्ला, डॉ. स्नेहा सिंह, प्रो. शुभम मिश्रा, विभूति प्रसाद सिंह एवं प्रदीप शुक्ला ने भी शेफाली की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की है।

---

### थाना धरमपुर, थाना बृजपुर एवं पुलिस लाईन की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा जंगल एवं ग्रामीण क्षेत्रों में

# आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम हेतु की गई सघन गश्त

जिले की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा बाहरी अपराधियों की संभावित गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश से, पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साईं कृष्णा एस. थोटा के कुशल निर्देशन में पन्ना पुलिस द्वारा जंगल एवं ग्रामीण क्षेत्रो में सघन कांबिंग गश्त अभियान चलाया गया।

हरिभूमि न्यूज, पन्ना।





इस अभियान में थाना धरमपुर, थाना बृजपुर एवं पुलिस लाईन की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सुबह 06 बजे से शाम 04.30 बजे तक जंगलों में सघन गश्त की गई एवं ग्राम छतैनी, नवस्ता, सिद्धपुर, पंचमपुर, पिपराही, रमखिरिया,जमुन्हाई, मदारटुंगा, रहुनिया गुजार के ग्रामीण लोगो से संदिग्ध गतिविधियो एवं बाहरी व्यक्तियों की उपस्थिति के संबंध में जानकारी ली गई। गश्त के दौरान 20 पुलिस बल द्वारा जंगल की सर्चिंग एवं ग्रामीण लोगो से संवाद किया गया। गश्त के दौरान घने जंगलो एवं पहाड़ी क्षेत्रो में संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी हेतु पुलिस द्वारा ड्रोन कैमरो की मदद ली गई। अभियान का मुख्य उद्देश्य जंगलों में छिपे संभावित अपराधियों की खोजबीन करना, संदिग्ध गतिविधियों की पहचान करना, तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा सुनिश्चित करना रहा। पुलिस टीम द्वारा गहराई से सर्चिंग कर संभावित मूवमेंट क्षेत्रों की जाँच की गई। सर्चिंग के दौरान पुलिस टीम ने ग्रामीण अंचलों में भ्रमण कर वहाँ के नागरिकों से संवाद स्थापित किया और उनसे अपील की कि यदि किसी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी मिलती है, तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। ग्रामीणों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया कि पन्ना पुलिस सदैव उनके साथ है। इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों के मोबाइल नंबर, थानों के हेल्पलाइन नंबर तथा ग्राम प्रतिनिधियों के संपर्क नंबरों का आपस में आदान-प्रदान भी किया गया ताकि सूचना तंत्र को मजबूत किया जा सके। ग्रामीणों से अफवाहों से बचने, सतर्क रहने एवं पुलिस के साथ तालमेल बनाए रखने की अपील की गई।

---

### रथयात्रा महोत्सव के लिए कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई तैयारी बैठक

# जनसहयोग से प्राप्त राशि बैंक खाते में ऑनलाईन जमा करवाने का लिया निर्णय



हरिभूमि न्यूज, पन्ना।

कलेक्टर सुरेश कुमार की अध्यक्षता में आगामी 11 जून से प्रारंभ होने वाले श्री जगदीश स्वामी रथयात्रा महोत्सव के संबंध में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक हुई। इसमें आयोजन समिति से जुडे. विभागों के अधिकारी और मंदिर समिति के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रतिदिन के कार्यक्रम आयोजन की कार्ययोजना एवं रूपरेखा पर चर्चा की गई। कलेक्टर श्री कुमार ने प्रतिवर्ष की भांति रथ यात्रा महोत्सव के संबंध में सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। साथ ही उपस्थितजनों से आवश्यक सुझाव प्राप्त कर श्रद्धालुओं और आगंतुकों के लिए मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए भी कहा। उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष की भांति रथयात्रा महोत्सव के आयोजन में संबंधितजन आवश्यक सहयोग प्रदान कर इसे गरिमामय बनाने में अपना योगदान दें। इस मौके पर मंदिर समिति के बैंक खाते में जनसहयोग से प्राप्त दान राशि को ऑनलाइन सीधे खाते में जमा कराने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा टाऊन हॉल में विभिन्न कार्यक्रमों से प्राप्त राशि का निर्धारित अंश भी खाते में जमा कराने के निर्देश तहसीलदार और सीएमओ को दिए। जिला कलेक्टर ने रथयात्रा महोत्सव के दौरान पन्ना नगर से जनकपुर मार्ग, मेला परिसर, रथों के विश्राम स्थल इत्यादि में पेयजल, साफ-सफाई, चलित शौचालय, सीसीटीव्ही कैमरा व प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित कराने सहित सड़क मरम्मत तथा यात्रायात व्यवस्था सुगम बनाने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा पार्किंग, मेडिकल टीम और एम्बुलेंस की तैनाती, निर्बाध विद्युत आपूर्ति सहित अन्य व्यवस्थाओं के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में मुख्य मार्ग पर दुकानों का संचालन नहीं हो। इसके अलावा खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा खाद्य प्रतिष्ठानों के नियमित निरीक्षण के लिए भी कहा। बताया गया कि 11 जून को स्नान यात्रा से महोत्सव के शुभारंभ उपरांत 26 जून को रात्रि 7:30 बजे मंदिर के पट खुलेंगे, जबकि 27 जून को शाम 06:30 बजे जगदीश स्वामी मंदिर बड़ा दिवाला से रथयात्रा प्रारंभ होगी। पांच जुलाई को रथ यात्रा वापसी उपरांत अगले दिवस सुबह 8 बजे जगदीश स्वामी मंदिर में यात्रा के प्रवेश और मूर्ति दर्शन के साथ यात्रा का समापन होगा। बैठक में पुलिस अधीक्षक साई कृष्ण एस थोटा, अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र एवं अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

---



# आबकारी ने 64 लीटर महुआ की कच्ची शराब के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

**देवेन्द्रनगर।**

पन्ना कलेक्टर सुरेश कुमार के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी पन्ना मुकेश कुमार मौर्य के मार्गदर्शन में पन्ना जिले में अवैध शराब के विरुद्ध लगातार अभियान चल रहा है। आबकारी उपनिरीक्षक वृत्त अजयगढ़ मुकेश कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में ग्राम सिंहपुर में एक आरोपी से 64 बल्क लीटर हाथभट्टी महुए की कच्ची शराब जप्त कर एक आरोपी के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। आबकारी उपनिरीक्षक मुकेश पाण्डेय ने बताया कि मुखबिरों से सूचना प्राप्त हुई थी, कि ग्राम सिंहपुर में रवि सोनकर पिता माणिकलाल सोनकर, उम्र 35 वर्ष अपने रिहायशी मकान में अवैध रूप से हाथभट्टी से महुए की कच्ची शराब भारी मात्रा में बनाता है। आबकारी टीम द्वारा अचानक रवि सोनकर के रिहायशी मकान पर दबिश दी। विधिवत तलाशी के दौरान आरोपी रवि सोनकर के कब्जे से 5 डिब्बों में लगभग 64 बल्क लीटर हाथभट्टी महुए की कच्ची शराब बरामद हुई। आरोपी के पास उक्त शराब के संबंध में कोई वैध परमिट या लायसेंस नही मिला। अतः 50 बल्क लीटर से अधिक शराब होने से आरोपी को मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) के अपराध में गिरफ्तार किया गया। आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा के लिए न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जिला जेल पन्ना भेजा गया। आबकारी विभाग द्वारा लगातार की जा रही कार्यवाईयों से अवैध शराब के कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है। आगे भी अवैध शराब के विरुद्ध लगातार अभियान चलता रहेगा। इस कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक मुकेश कुमार पाण्डेय, आबकारी महिला आरक्षक स्मिता ठाकुर, आबकारी आरक्षक रवि प्रकाश मिश्रा, सोनू कोरकू,नगर सैनिक कौशल्या बाई, वीरेंद्र यादव, मोतीलाल प्रजापति और वाहन चालक सोहेल खान, सुशांत सिंह शामिल रहे।

---



# अमानगंज में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ईद का त्योहार

**अमान गज पन्ना**

7 जून नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में ईद-उल-अजहा (बकरीद) का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास, उत्साह और भाईचारे के साथ मनाया गया सुबह से ही ईदगाहों और मस्जिदों में नमाज अदा करने के लिए लोगों की भीड़ रही इसी कड़ी में रंगरेज मोहल्ला वार्ड नंबर 2 में अदा की गई और 1वार्ड नंबर 5 गरीब नवाज मस्जिद में भी अदा की गई नमाज अदा करने के पश्चात एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी गईनगर के मुख्य ईदगाह में भारी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग एकत्रित हुए और अमन-चैन व देश की खुशहाली के लिए दुआ मांगी। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने नए कपड़े पहनकर ईद का पर्व मनाया जिससे सामाजिक सौहार्द और भाईचारे का संदेश पूरे नगर में फैला। प्रशासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे।पुलिस प्रशासन द्वारा जगह-जगह निगरानी रखी गई ताकि कोई अप्रिय घटना न हो।इस मौके पर थाना प्रभारी माधवी अग्निहोत्री ने सभी जगह का जायजा लिया और ईदगाह में उपस्थित रही।

---

### अकीदत के साथ अदा की गई ईद-उल-अज़हा की नमाज

# खुदा की राह में दी कुर्बानी, गले मिलकर दी मुबारकबाद

#### शहर की ईदगाह में सुबह 8:30 बजे हुई नमाज

हरिभूमि न्यूज, पन्ना।

मुस्लिम समुदाय के सबसे अहम त्यौहारों में एक ईदु-उल- अजहा आज जिले भर में उत्साह के साथ मनाया गया। कुर्बानी का त्यौहार कहे जाने वाले ईद उल अज़हा बकरीद का त्यौहर शहर में उत्साह व अकीदत के साथ मनाया गया। ईदु-उल- अजहा के त्यौहार को लेकर लोगों उत्साह देखा गया। इन दिनों शहर में भीषण गर्मी का दौर जारी है, पारा 45 डिग्री तक पहुंच रहा है। ऐसे में ईद की नमाज के लिए पहले से ही सुबह जल्दी नमाज अदा करने का एलान किया गया था। शहर कमेटी द्वारा शहर की बादशाह साईं मस्जिद में सुबह 8:30 बजे नमाज का समय निर्धारित किया था। गर्मी को देखते हुए लोग भी सुबह-सुबह मस्जिद पहुंचे और ईद की विशेष नमाज अदा की गई। शहर की बादशाह सांई मस्जिद इमाम मौलाना अब्दुल माबूद, ईदगाह मस्जिद में इमाम मौलाना सिराजुल हसन व जामा मस्जिद किशोरगंज में इमाम मौलाना मोईज्जोद्दीन नदवी ने ईद की नमाज पढ़ाई। वहीं कुर्बानी और समर्पण के पर्व ईद-उल अजहा (बकरीद) जिलेभर में परम्परागत ढ़ंग से मनाया गया। नमाज के बाद लोगों ने देश की खुशहाली और अमन के लिए दुआ की। नमाज के गर्मी के बावजूद मुस्लिम समाज के लोग कब्रस्तान पहुंचे, जहां अपने बुजुर्गों को ईद की मुबारकबाद दी। कुर्बानी के इस पर्व पर परम्परानुसार बकरों की कुर्बानी दी गई। बकरीद के मौके पर शहर के सभी धर्म के लोगों ने एक दूसरे को गले लगाकर सौहाद्रपूवर्क ईद का त्यौहार मनाया। ईद की विशेष नमाज के लिये प्रशासन द्वारा सभी मस्जिदों में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। इस पर्व का इस्लाम में बहुत महत्व है, बताया जाता है कि खुदा के नेक बंदे हजरत इब्राहीम को अल्लाह ने सपने में हुक्म दिया कि वे खुदा की राह में अपनी सबसे प्यारी चीज कुर्बान करें। तब हजरत इब्राहीम ने अपने इकलौते बेटे इस्माइल जो उन्हें सबसे प्यारा था, कुर्बान करने का मन बनाया। इस बात से इस्माइल भी खुश हुऐ। वे अल्लाह की राह में खुशी-खुशी कुर्बान होने तैयार हो गये। बकरीद के दिन जब कुर्बानी का समय आया, तो फरिस्तों ने इस्माइल को हटाकर उनके स्थान पर दुम्बा (भेड-बकरा) रख दिया और उसकी कुर्बानी हो गई। अल्लाह ने इस्माइल को बचाया और हजरत इब्राहीम की कुर्बानी कुबूल की। तभी से बकरीद में कुर्बानी का सिलसिल चला आ रहा है। जिले भर में ईद का त्यौहार उत्साह के साथ मनाया गया। गुनौर रैपुरा, शाहनगर, अमानगंज, अजयगढ़, देवेन्द्रनगर, ककरहटी, पवई में भी अकीदत के साथ नमाज अदा की गई।

#### सौहाद्रपूर्ण ढग़ से मनाई गई बकरीद

पवित्र नगरी पन्ना में बकरीद का त्यौहार सौहाद्रपूर्वक बनाया गया। सभी धर्मों के लोगों ने मुस्लिम भाईयों को ईद की मुबारकबाद दी। जिला प्रशासन ने ईद के मौके पर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतेजाम किये। मुस्लिम समाज के शहर सदर रमजान मोहम्मद एवं शहरकाजी मौलाना मोईज्जोद्दीन ने सभी को ईद की मुबारकबाद दी और सुरक्षा व्यवस्था के लिये जिला प्रशासन सहित शहर में अमन बनाए रखने और सौहार्द के साथ त्यौहार मनाने के लिए सभी शहरवासियों का आभार जताया। वहीं अक्सर कुर्बानी के बाद बचा हुआ मांस व खाल आदि कचरे में फैंका दिया जाता था, जिससे कई लोगों को परेशानी होती थी। इसे देखते हुए शहर कमेटी पन्ना एवं नगर पालिका द्वारा लोगों से अपील की गई कि कुर्बानी के दौरान निकली खाल आदि को खुले में न फैंके, इसके लिए नगर पालिका ने अलग से वाहन की व्यवस्था की थी, जिसके माध्यम से सभी खाल व अवशेष को एकत्र कर एक स्थान में गड्ढा बनाकर डिस्पोज कर दिया गया। इस तरह सभी ने आपसी समन्यवय के साथ सौहार्दपूर्ण माहौल में त्यौहार मनाया।

---

# देवेंद्रनगर योजनाओं की चमक में भी शिक्षा, स्वास्थ्य और न्याय के लिए छाया हुआ है अंधेरा

**देवेंद्रनगर।** मध्यप्रदेश की राजनीति और प्रशासनिक संरचना ने पिछले एक दशक में उल्लेखनीय परिवर्तन देखा है। विशेष रूप से भारतीय जनता पार्टी की सरकार, चाहे वह राष्ट्रीय स्तर पर हो या प्रदेश स्तर पर, ने जनकल्याण की दृष्टि से अनेक योजनाएं लागू की हैं, जिनसे व्यवस्था में सुधार हुआ है और आम जनमानस को सीधा लाभ मिला है। लाड़ली बहना योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, हर घर नल जल योजना, स्वच्छ भारत अभियान, सड़क संपर्क योजना, जनधन खाते, अटल पेंशन योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, मृदा परीक्षण, नवोदय विद्यालय, एकलव्य विद्यालय, स्वास्थ्य मेला, गर्भवती महिलाओं को सहायता कृ ये सभी योजनाएं धरातल पर सराहनीय रूप से क्रियान्वित हुई हैं। यह भी निर्विवाद है कि पिछली कांग्रेस सरकारों के समय जो निर्णयहीनता और उपेक्षा थी, वह अब समाप्त होती दिख रही है।

परंतु देवेंद्रनगर जैसे क्षेत्र, जो नगर परिषद होने के बावजूद बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं, वहाँ शिक्षा, स्वास्थ्य और न्याय जैसी मूल आवश्यकताओं की पूर्ति अब भी बाकी है।

**स्थानीय नेतृत्व की सीमित दृष्टि और जनता के बुनियादी प्रश्न-** देवेंद्रनगर में कई स्थानीय नेता हैं, जो प्रायः मंच पर मालाएँ पहनने, चाय पर चर्चा करने या किसी बड़े नेता को अपने घर बुलाकर फोटो खिंचवाने को ही राजनीतिक सफलता मानते हैं। जब कोई मंत्री या विधायक उनके घर आता है, तो घर के बाहर पुलिस बल, अधिकारी और कार्यकर्ता ऐसे जुटते हैं, मानो उनकी यही सबसे बड़ी उपलब्धि है। बल्कि प्रतिनिधियों की उदासीनता के चलते कुछ वर्षों पहले देवेंद्रनगर को नगरपालिका बना कर पुनः नगर परिषद बनते सबने देखा लेकिन नगर की इस अवनति से किसी को कोई फर्क नहीं पड़ा। लेकिन इन नेताओं ने कभी कोई ठोस संघर्ष नहीं किया कृ न कॉलेज में विषय विस्तार के लिए आंदोलन, न महिला चिकित्सक की स्थायी नियुक्ति के लिए ज्ञापन, और न एसडीएम कोर्ट की स्थापना के लिए अभियान। जनता के बुनियादी मुद्दों पर सन्नाटा ही रहा। विपक्ष की भूमिका भी उतनी ही चिंताजनक और मौन है कृ आवाज़ उठाने का साहस न सत्ता पक्ष में दिखता है, न विपक्ष में।

**शिक्षा, 40 साल पुराना कॉलेज, लेकिन विज्ञान-वाणिज्य अब भी सपना-** देवेंद्रनगर में शासकीय स्नातक महाविद्यालय चार दशक से संचालित है, लेकिन आज तक केवल कला संकाय है। विज्ञान, वाणिज्य और तकनीकी विषयों की अनुपलब्धता के कारण विद्यार्थी पन्ना, सतना या अन्यत्र पलायन करते हैं या शिक्षा बीच में छोड़ देते हैं। स्नातकोत्तर कक्षाएं भी आज तक प्रारंभ नहीं हुईं। विशेष बात यह है कि सागर संभाग का एकमात्र संस्कृत महाविद्यालय यहीं है, और हाल ही में 15 करोड़ की राशि भवन निर्माण के लिए स्वीकृत हुई है कृ जो विधायक के प्रयासों से संभव हुआ। यह सराहनीय है। लेकिन केवल भवन नहीं, विषयों, शिक्षकों और संसाधनों की गुणवत्ता भी उतनी ही आवश्यक है।

**स्वास्थ्य, पुरस्कार विजेता केंद्र, लेकिन महिला डॉक्टर और सिविल अस्पताल का अभाव-** यहाँ का स्वास्थ्य केंद्र भले ही राज्य स्तर पर कई पुरस्कार जीत चुका हो, लेकिन आज तक स्थायी महिला चिकित्सक की नियुक्ति नहीं हो सकी। यह माँग अब जनआंदोलन का स्वरूप ले चुकी है। लेकिन केवल महिला चिकित्सक नहीं, देवेंद्रनगर में सिविल अस्पताल की स्थापना अनिवार्य है। यह नगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित है, और यहाँ से प्रतिदिन हजारों-लाखों यात्री भारत भर में गुजरते हैं। क्षेत्र भी बहुत बड़ा है। पन्ना, पवई या अजयगढ़ तक जाकर इलाज कराना न केवल कठिन है, बल्कि समय और जीवन की कीमत पर भी भारी पड़ता है। जब पवई और अजयगढ़ जैसे स्थानों को सिविल अस्पताल और संपूर्ण सुविधायुक्त महाविद्यालय मिल चुके हैं, तो देवेंद्रनगर को क्यों नहीं? देवेंद्रनगर का यह अधिकार है, न कि अनुग्रह।

**न्याय व्यवस्था, तहसील है, लेकिन एसडीएम कोर्ट और न्यायिक मजिस्ट्रेट का अभाव-** देवेंद्रनगर में तहसील और राजस्व कार्यालय तो हैं, लेकिन न्यायिक व्यवस्था बेहद कमजोर है। एसडीएम कोर्ट, न्यायिक मजिस्ट्रेट, और पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती अब आवश्यक है। आज भी जमीन संबंधी विवादों, पारिवारिक समस्याओं और प्रशासनिक अपीलों के लिए लोगों को पन्ना जाना पड़ता है, जिससे समय और संसाधनों की बर्बादी होती है। यह स्थिति अब नहीं चल सकती।

**बाईपास, ट्रकों के आतंक से मुक्ति की प्रतीक्षा-** राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित होने के कारण देवेंद्रनगर में दिन-रात तेज़ रफ्तार से दौड़ते डंपर, ट्रक, और भारी वाहन नगरवासियों के लिए सुरक्षा, स्वास्थ्य और शांति का संकट बन चुके हैं। दुर्घटनाओं की संख्या में वृद्धि और ध्वनि-प्रदूषण से जीवन संकट में है। एक व्यवस्थित बाईपास रोड की माँग वर्षों से लंबित है, जिससे नगरवासियों को राहत मिल सके।

**गुनौर, पवई और अजयगढ़ से तुलना करें तो देवेंद्रनगर की उपेक्षा स्पष्ट है-** गुनौर, जो आकार, जनसंख्या और व्यापार में देवेंद्रनगर से छोटा है, वहाँ न्याय, शिक्षा और स्वास्थ्य की सुविधाएं उपलब्ध हैं। पवई और अजयगढ़ में सिविल अस्पताल और महाविद्यालय जैसे संसाधन हैं। फिर देवेंद्रनगर जैसा व्यापारिक, सुशिक्षित और व्यवस्थित नगर, जो पन्ना जिले का सबसे सुंदर और सबसे बड़ा कस्बा है कृ क्यों उपेक्षित है? इस उपेक्षा के पीछे कोई और नहीं, स्थानीय स्तर की राजनीतिक संकीर्णता और व्यक्तिगत नापसंदगी ही कारण है। सराहनीय योजनाएं, लेकिन प्राथमिकता में शिक्षा, स्वास्थ्य और न्याय सबसे ऊपर हों भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने जनकल्याण की दिशा में कई सकारात्मक कदम उठाए हैं, परंतु किसी भी क्षेत्र का वास्तविक विकास तभी माना जाएगा जब वहाँ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं और सशक्त न्याय प्रणाली उपलब्ध हों। देवेंद्रनगर को अब राजनीतिक द्वेष और उपेक्षा से मुक्त कर सुनियोजित विकास की ओर ले जाना होगा। यह सिर्फ अपेक्षा नहीं, जनता का अधिकार है कृ और सरकार की नीयत और नीति की असली परीक्षा भी।

**खबर संक्षेप**



## पत्नी ने पति पर लगाये सेक्स रैकेट चलाने के आरोप

**बिना तलाक दूसरी शादी का आरोप, पीड़िता ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार**

**छतरपुर।** शनिवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय अपनी मासूम बेटी के साथ आई एक महिला ने अपने पति पर सेक्स रैकेट चलाने, उसे इस गैरकानूनी धंधे में शामिल करने का दबाव बनाने और बिना तलाक दिए दूसरी शादी रचाने का गंभीर आरोप लगाया है। महिला ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। बड़ामलहरा थाना क्षेत्र के ग्राम मनकारी से आवेदन देने आई रानी रैकवार ने बताया कि उनकी शादी 2022 में राजनगर थाना क्षेत्र के खजवा निवासी अजय रैकवार से हुई थी। शादी के बाद उन्हें पता चला कि अजय जम्मू में सेक्स रैकेट चलाता है और उसे भी इस दलदल में धकेलना चाहता था। रानी ने इसका विरोध किया, जिसके बाद अजय ने उसे दहेज के लिए प्रताड़ित किया और मारपीट शुरू कर दी। रानी ने इसकी शिकायत स्थानीय थाने में दर्ज कराई थी। रानी के मुताबिक अब अजय ने बिना तलाक दिए दूसरी शादी रचा ली, जिसकी तस्वीरें और रील्स रानी ने इंस्टाग्राम पर देखी हैं।

## देशी कट्टा और कारतूस के साथ दो गिरफ्तार

**छतरपुर।** ईशानगर पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ अभियान के तहत दो अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई कर दो आरोपियों को देशी कट्टा और कारतूस सहित गिरफ्तार किया। दोनों के खिलाफ आयुध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया। ईशानगर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली। पहली कार्रवाई में रामपुर रेलवे ब्रिज के पास से रामकिशोर उर्फ शैफी अहिरवार 20 वर्ष, पिता नन्हेलाल अहिरवार, निवासी भारतपुरा, थाना बिजावर को पकड़ा गया। तलाशी में उसके पास से एक अवैध देशी कट्टा और कारतूस बरामद हुआ। दूसरी कार्रवाई में रामपुर तड़पेड़ नदी के पास हीरालाल अहिरवार 28 वर्ष, पिता दशईयां अहिरवार, निवासी रमनपुरा, थाना ईशानगर को गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से भी एक अवैध देशी कट्टा और कारतूस मिला। दोनों आरोपियों ने पुलिस को देखकर भागने की कोशिश की, लेकिन घेराबंदी कर उन्हें मौके पर पकड़ लिया गया। ईशानगर थाना प्रभारी शैलेंद्र सक्सेना के नेतृत्व में दोनों आरोपियों के खिलाफ आयुध अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। दोनों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया।

## सड़क हादसे का शिकार हुआ शराबी बाईक चालक



**छतरपुर।** राजनगर रोड पर विक्रमपुर-परा गांव के पास शुक्रवार रात करीब 9:00 बजे एक भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें शराब के नशे में मोटरसाइकिल चला रहे एक अज्ञात व्यक्ति की बाइक कार से टकरा गई और उसका पैर कट गया। घायल युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक छतरपुर से चंदला की ओर जा रही एक कार और मोटरसाइकिल आपस में टकरा गई। कार चालक वीरेंद्र पटेल ने बताया कि मोटरसाइकिल पर सवार अज्ञात व्यक्ति शराब के नशे में था और मछली तथा शराब के क्वार्टर लेकर जा रहा था। जब उसने कार को ओवरटेक करने की कोशिश की तो नियंत्रण खो दिया और कार से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार का पैर कट गया साथ ही शरीर में कई गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद कार चालक वीरेंद्र पटेल ने मानवता दिखाते हुए तुरंत 108 एम्बुलेंस को सूचना दी और घायल को एम्बुलेंस में जिला अस्पताल पहुंचाया। जिला अस्पताल में घायल का इलाज चल रहा है, और उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। घायल की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। ईद-उल-अजहा पर बड़ी ईदगाह में सामूहिक नमाज, मांगी गई अमन-चैन की दुआ।

# ईद-उल-अजहा पर बड़ी ईदगाह में सामूहिक नमाज, मांगी गई अमन-चैन की दुआ

**छतरपुर। ईद-उल-अजहा (बकरीद) के मुबारक मौके पर शनिवार को छतरपुर की बड़ी ईदगाह में सुबह 8 बजे सामूहिक नमाज अदा की गई। हजारों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नमाज पढ़कर मुल्क में अमन-चैन और भाईचारे की दुआ मांगी। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी।**



बड़ी ईदगाह में सुबह से ही मुस्लिम समाज के लोग एकत्र हुए। नमाज के बाद कुर्बानी की रस्म अदा की गई। मुस्लिम समाज के सदर जावेद खान, कांग्रेस के कार्यकारी जिलाध्यक्ष अनीस खान, इरशाद मोहम्मद सहित अन्य गणमान्य लोगों ने एक-दूसरे को बधाई दी। माहौल में भाईचारे और उत्साह का वातावरण रहा। लोगों ने नए कपड़े पहनकर और मिठाइयां बांटकर त्योहार की खुशियां साझा कीं। सीएसपी अमन मिश्रा ने बताया कि त्यौहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए डेढ़ सौ पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया। ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की गई, और संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल मौजूद रहा। एसडीएम अखिल राठौर ने कहा कि प्रशासन ने नगर पालिका के साथ मिलकर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कीं। उन्होंने सभी नागरिकों को ईद की शुभकामनाएं दीं और शांति बनाए रखने की अपील की।

### सटई में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई ईद

जिले के सटई में ईद-उल-अजहा (बकरीद) का त्योहार बड़े हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। सुबह 8:30 बजे बस स्टैंड स्थित ईदगाह पर सैकड़ों मुस्लिम भाई एकत्र हुए और सामूहिक नमाज अदा की गई। ईद की नमाज हाफिज अकरम रजा ने पढ़ाई। उन्होंने पहले मुस्लिम भाइयों को नमाज का तरीका समझाया, फिर खुतबा पढ़ा और इसके बाद सामूहिक नमाज अदा की गई। नमाज के दौरान मुल्क और शहर में अमन-चैन की दुआ मांगी गई। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। शहर सदर अहमद सौदागर ने बताया कि जिल्हिज्जा का महीना कुर्बानी का पवित्र महीना है। उन्होंने कहा कि इस महीने में बुराई, गीबत और नफरत जैसी चीजों की कुर्बानी करनी चाहिए। ईदगाह में सुबह से ही रौनक थी, और बच्चों में खास उत्साह देखा गया।

# पुराने विवाद के चलते दबंगों ने महिला को मारी गोली

**चार आरोपियों ने देसी कट्टे से की फायरिंग**

**छतरपुर।** राजनगर थाना क्षेत्र के विक्रमपुर गांव में पुराने विवाद के चलते एक महिला पर देसी कट्टे से गोलीबारी की गई। घायल महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। विक्रमपुर निवासी जयंती पत्नी स्व. भरत यादव उम्र 35 वर्ष, शुक्रवार की शाम को अपने परिजनों के साथ घर के बाहर खड़ी थीं। तभी गांव के रामपाल बुंदेला, मुन्ना बुंदेला, रवि बुंदेला और जंटू बुंदेला ने उनके घर पर पहुंचकर अवैध देसी कट्टे से जयंती पर गोली चला दी। गोली जयंती की जांघ में लगी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गईं। परिजनों ने तुरंत 108 एंबुलेंस की मदद से उन्हें छतरपुर जिला अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने जयंती को ऑपरेशन थिएटर में शिफ्ट कर गोली निकालने की प्रक्रिया शुरू की। उनकी हालत अभी गंभीर बताई जा रही है। परिजनों ने बताया कि आरोपियों के साथ उनका पुराना विवाद चल रहा था, जिसके कारण यह हमला हुआ।



# फलदान कार्यक्रम से लौट रहा पिकअप वाहन पलटा, एक की मौत, 15 घायल

**दो गंभीर घायलों को जिला अस्पताल से भेजा गया ग्वालियर**



**छतरपुर।** जिले के सटई में गैस एजेंसी के पास शुक्रवार सुबह करीब 6 बजे एक पिकअप वाहन पलट गया। इस दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 15 लोग घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, और दो की गंभीर हालत के कारण उन्हें ग्वालियर रेफर किया गया है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक सटई थाना क्षेत्र के ग्राम भैरा निवासी 30 से 35 लोग पिकअप वाहन में सवार होकर गुलगंज थाना क्षेत्र के ग्राम घिनौंची में फलदान कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। घर लौटते समय सटई में गैस एजेंसी के पास वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में भैरा निवासी कल्लू, भगवानदास, राजेश, अजय, जोधन, पप्पू, पुष्पेंद्र, हरलाल, मइयादीन, जीवन, हरिदास, गयादीन, गिरधारी कुशवाहा सहित 15 लोग घायल हुए हैं, जबकि 38 वर्षीय बहादुर पुत्र कमला कुशवाहा निवासी ग्राम खैरी थाना बमीठा की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही डायल 100 की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को सटई अस्पताल ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने सभी 15 घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। 108 एंबुलेंस की मदद से घायलों को छतरपुर जिला अस्पताल लाया गया, जहां उन्हें ट्रॉमा वार्ड में भर्ती किया गया। दो घायलों की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें ग्वालियर रेफर किया गया है। शेष घायलों का जिला अस्पताल में उपचार जारी है।

# जिला अस्पताल के इमरजेंसी कक्ष के डस्टबिन में मिली बियर की कैन



**छतरपुर।** छतरपुर जिला अस्पताल के इमरजेंसी कक्ष के डस्टबिन में बियर की कैन मिलने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इस घटना ने अस्पताल प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। वायरल वीडियो में जिला अस्पताल के इमरजेंसी कक्ष के डस्टबिन में बियर की कैन साफ दिखाई दे रही है। इस खुलासे से यह सवाल उठ रहा है कि इमरजेंसी कक्ष जैसे संवेदनशील क्षेत्र में बियर की कैन कैसे पहुंची। वीडियो के सामने आने के बाद अस्पताल की व्यवस्था और कर्मचारियों की जिम्मेदारी पर भी चर्चा तेज हो गई है। जिला अस्पताल की सिविल सर्जन डॉ. शरद चौरसिया ने कहा कि मामला उनके संज्ञान में आया है। उन्होंने वीडियो की जांच के आदेश दे दिए हैं और आश्वासन दिया कि जांच के बाद जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# जामुन के पत्ते तोड़ते समय करंट लगने से युवक की मौत

**पेड़ और शरीर में लगी आग, लालौनी पुलिया पर हुआ हादसा**



**छतरपुर।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र की लालौनी पुलिया के पास जामुन के पत्ते तोड़ते समय हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। बताया गया है कि दुर्जन पुत्र भगवानदास प्रजापति उम्र 30 वर्ष निवासी कृष्णा कॉलोनी देरी रोड छतरपुर, शुक्रवार की सुबह करीब 10 बजे अपने मामा की बेटी की शादी के लिए मंडप की तैयारी हेतु लालौनी तिगड्डे पर जामुन के पत्ते तोड़ने गया था। पत्ते तोड़ते वक्त पेड़ के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से उसे करंट लगा, जो कि इतना तेज था कि दुर्जन के शरीर के साथ-साथ पेड़ में भी आग लग गई। परिजनों ने तुरंत 108 एम्बुलेंस बुलाकर उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल में रखा गया है। मृतक के दो बच्चे हैं, और इस घटना से उसके परिवार में शोक का माहौल है।



# किशोरी ने जहरीला पदार्थ खाकर की आत्महत्या

**छतरपुर।** बाजना थाना क्षेत्र के ढिमरवा गांव में 16 वर्षीय स्वाति लोधी ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। उसे पहले बड़ामलहरा अस्पताल ले जाया गया, फिर जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बताया गया है कि स्वाति पुत्री गोविंद लोधी निवासी ढिमरवा ने शुक्रवार को अपने घर पर अज्ञात कारणों से जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजनों ने उसे तुरंत बड़ामलहरा अस्पताल पहुंचाया, लेकिन हालत गंभीर होने के कारण उसे छतरपुर जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद स्वाति को मृत घोषित कर दिया। शव के पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता लगाने के लिए परिजनों व आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है।

## घुमक्कड़ समाज की बेटी का सहारा बना बागेश्वर धाम शिष्य मंडल

# विवाह में भेंट की सामग्री, सुखमय जीवन का दिया आशीर्वाद



**छतरपुर।** कभी ऐसा समय भी था जब लोग बेटियों को बोझ समझते थे। क्योंकि विवाह के दौरान लोगों को तमाम अड़चनों का सामना करना पड़ता था लेकिन बागेश्वर धाम सरकार गरीब, असहाय और कमजोर वर्ग के लोगों की बेटियों को अपनाकर उनके हाथ पीले कर यह संदेश दे रहे हैं कि बेटियां अब बोझ नहीं है। जबसे महाराज श्री ने यह अभियान शुरू किया तब से लोगों को बेटियां आशीर्वाद के रूप में महसूस होने लगी है। महाराज श्री के संकल्प के साथ कई सामाजिक संगठन भी गरीब बेटियों की शादियां करने लगे हैं। बिगत रोज घुमक्कड़ समाज की एक बेटी के विवाह समारोह में पहुंचकर बागेश्वर धाम शिष्य मंडल छतरपुर ने विवाह की सामग्री भेंट करने के साथ ही बेटी को सुखमय जीवन का आशीर्वाद दिया। जानकारी के मुताबिक शहर के पन्ना रोड पर महावीर कॉलोनी के सामने घुमक्कड़ जाति के रहने वाले मानसिंह की बहन का विवाह था। अत्यंत गरीब होने के कारण परिवार के सदस्य सहयोग की अपेक्षा रखते थे। जैसे ही बागेश्वर धाम शिष्य मंडल छतरपुर को इसकी जानकारी लगी वैसे ही शिष्य मंडल ने विवाह समारोह में पहुंचकर कूलर, फ्रिज, ट्रॉली बैग सहित अन्य सामग्री उपहार के तौर पर भेंट की और बागेश्वर धाम सरकार की ओर से बेटी को सुखमय जीवन का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर बागेश्वर जन सेवा समिति के सचिव राजेंद्र मिश्रा, ओमप्रकाश तिवारी, सुंदरलाल रैकवार, एस के बाजपेई, धीरज शर्मा, राम चरण रैकवार, श्री पाठक जी, अभिलाष पटेल, मोतीलाल रैकवार, मोनू विश्वकर्मा सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। बेटी के माता-पिता को ऐसा महसूस हुआ जैसे उनकी मनोकामना पूरी हो गई हो। उन्होंने शिष्य मंडल का आभार जताते हुए पूज्य गुरुदेव के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की।

# युवक ने फांसी लगा कर की आत्महत्या



**छतरपुर।** गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र के गौर गांव में 25 वर्षीय हरीश अनुरागी ने अपने घर पर फांसी लगाकर जान दे दी। उसे गढ़ीमलहरा अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां डॉक्टर न मिलने के कारण जिला अस्पताल लाया गया, जहां उसे मृत घोषित किया गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक हरीश पुत्र किशोरीलाल अनुरागी निवासी गौर ने शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे अज्ञात कारणों से अपने घर पर फांसी लगा ली। परिजनों ने उसे तुरंत गढ़ीमलहरा अस्पताल पहुंचाया, लेकिन वहां कोई डॉक्टर उपलब्ध नहीं था। इसके बाद 108 एम्बुलेंस से उसे छतरपुर जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। गढ़ीमलहरा थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा, जहां पोस्टमार्टम की प्रक्रिया चल रही है। पुलिस ने प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है और आत्महत्या के कारणों का पता लगाने के लिए परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है।

**फिर सुर्खियों में आया मनू अरजरिया और युवती का विवाद**

# युवती ने अरजरिया परिवार पर लगाए मारपीट के आरोप, दर्ज हुई एफआईआर

**छतरपुर**

पिछले करीब दो महीने से चर्चा में चल रहे छतरपुर के एक युवक और युवती का विवाद एक बार फिर सुर्खियों में है। पिछले दिनों इसी विवाद के चलते युवक पर बलात्कार का मामला दर्ज कर उसे जेल भेजा गया था और वह वर्तमान में जमानत पर बाहर है। गुरुवार की रात शहर के एक मैरिज हॉल में युवक का पारिवारिक समारोह चल रहा था, जिसमें शिकायत करने वाली युवती पहुंच गई, जिससे फिर हंगामा हो गया। युवती का आरोप है कि युवक सहित उसके परिवार के लोगों ने मारपीट तथा गाली-गलौज की है। युवती ने इसकी शिकायत कोतवाली थाने में की, जिस पर पुलिस ने युवक सहित परिवार के 5 लोगों पर एफआईआर दर्ज की है। वहीं युवक के परिवार ने भी कोतवाली थाना में आवेदन दिया है, जिसकी जांच जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह विवाद शहर के पठापुर रोड पर रहने वाले मनू अरजरिया से जुड़ा है। दरअसल मनू अरजरिया पर पिछले दिनों पंडित मोतीलाल नेहरू कॉलेज छतरपुर में एलएलबी की पढाई कर रही एक युवती ने आरोप लगाया था कि, मनू ने उसे शादी का झांसा देकर उसका शारीरिक शोषण किया है। गत 28 मार्च को युवती की शिकायत पर पुलिस ने मनू अरजरिया पर न सिर्फ मामला दर्ज किया था बल्कि उसे गिरफ्तार कर जेल भी भेज दिया था। वर्तमान में मनू अरजरिया जमानत पर बाहर है। गुरुवार की रात को बस स्टैंड के पास स्थित एक मैरिज हॉल में मनू अरजरिया का पारिवारिक समारोह चल रहा था, जिसमें युवती पहुंच गई और हंगामा शुरु हो गया। युवती का कहना था कि उसे मनू अरजरिया ने समारोह में शामिल होने के लिए बुलाया था। हालांकि मनू ने युवती को बुलाने की बात से इंकार किया है। युवती का आरोप है कि जब वह समारोह में शामिल होने पहुंची तो मैरिज हॉल के बाहर मनु अरजरिया, कैलाश अरजरिया, रीतेश अरजरिया, आकाश चतुर्वेदी और मंजू अरजरिया द्वारा उसे गालियां देकर मारपीट की गई। युवती के मुताबिक रात को जब वह शिकायत करने कोतवाली पहुंची तो वहां अरजरिया परिवार के लोग घूमते दिखाई दिए। डर के कारण वह रात को थाने नहीं गई, उसने जिला अस्पताल में इलाज कराया। इसके बाद शुक्रवार को अपने पिता के साथ कोतवाली थाने जाकर रिपोर्ट दर्ज कराई।



### मनू अरजरिया ने कहा- लगातार प्रताड़ित कर रही युवती

इस मामले में जब मनू अरजरिया से बात की गई तो उसका कहना था कि कुछ समय पहले तक युवती उसकी दोस्त थी। बाद में युवती ने उस पर झूठे आरोप लगाकर थाने में मामला दर्ज करा दिया, जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। मनू के मुताबिक युवती के साथ उसके दोस्ती के अलावा अन्य किसी प्रकार के संबंध नहीं रहे हैं, बावजूद इसके वह लगातार उसे प्रताड़ित कर रही है। गुरुवार की रात को वह अचानक नशे में धुत्त होकर उसके पारिवारिक समारोह में पहुंचकर हंगामा करने लगी थी, जिसके बाद परिवार के लोगों ने उसे कोतवाली थाना पहुंचा दिया था। मनू ने यह भी बताया कि हाल ही में युवती का एक वीडियो भी सामने आया था, जिसमें वह एक लड़के के साथ डांस करते हुए नजर आई थी। हालांकि युवती ने इस वीडियो में दिख रहे लड़के को अपना मुंहबोला भाई बताया है। कोतवाली थाना प्रभारी ने बताया है कि मनू अरजरिया और उसके परिवार वालों के खिलाफ युवती द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर 5 लोग मंजू अरजरिया, मनू अरजरिया, रीतेश अरजरिया, कैलाश अरजरिया, आकश चतुर्वेदी पर मारपीट की धाराओं पर मामला दर्ज किया गया है। दूसरे पक्ष से मिले आवेदन की भी जांच की जा रही है, जांच के बाद वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।



# एनसीएल ने 1.22 लाख पौधारोपण हेतु रेणुकूट वन प्रभाग के साथ किया एमओयू



**सिंगरौली।** भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) ने 1.22 लाख पौधे लगाने हेतु रेनूकूट वन प्रभाग, उत्तर प्रदेश के साथ एमओयू किया। इस एमओयू के तहत एनसीएल की उत्तर प्रदेश स्थित परियोजनाओं बीना, खड़िया, कृष्णशिला और दूधीचुआ (उ. प्र. स्थित क्षेत्र) के खदान क्षेत्र में अधिभार पर 49 हेक्टेयर क्षेत्र में स्थानीय प्रजातियों के पौधे लगाए जाएंगे एवं 4 साल तक उनकी देखभाल की जाएगी। इस दौरान एमओयू पर रेनूकूट वन प्रभाग की ओर से डीएफ़ओ रेनूकूट, डॉ. भानेंद्र सिंह तथा एनसीएल की ओर से महाप्रबंधक (पर्यावरण/वन) राकेश कुमार ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर एनसीएल के उप प्रबंधक (पर्यावरण) डी. के. सैनी, एवं क्षेत्रीय वन अधिकारी, (रेनूकूट) संजय कुमार शर्मा भी उपस्थित रहे। गौरतलब है कि गौरतलब है कि एनसीएल ने हरित आवरण को बढ़ावा देने हेतु वर्ष 2025-26 में 500 हेक्टेयर भूमि पर लगभग 06 लाख पौधारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया है। एनसीएल ने स्थापना से लेकर अभी तक 2.82 करोड़ पौधे लगाए हैं एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु डंप पुनर्स्थापना, पारिस्थितिकी तंत्र की बहाली, इको पार्क का निर्माण जैसे अनेक कार्य कर रही है।

# श्रृंगार-ए-सिंगरौली” में गूंजा पर्यावरण का संदेश, एनटीपीसी विंध्याचल ने निभाई अग्रणी भूमिका

**सिंगरौली।** विश्व पर्यावरण दिवस पर सिंगरौली ने पर्यावरण प्रेम की अनूठी मिसाल पेश की। “श्रृंगार-ए-सिंगरौली” नामक रंगारंग आयोजन में जहां एक ओर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने लोगों का मन मोह लिया, वहीं दूसरी ओर पर्यावरण संरक्षण का गंभीर संदेश भी समाज के हर वर्ग तक पहुंचा। यह खास आयोजन रेडियो ऊर्जा एफएम 89.6 द्वारा किया गया, जिसका मुख्य आयोजक था एनटीपीसी विंध्याचल। इस वर्ष का थीम था – “**सिंगरौली की आवाज़, पर्यावरण पे कुछ खास**”। कार्यक्रम का आयोजन नवजीवन बिहार मे स्थित सामुदायिक भवन में हुआ, जिसे आम नागरिकों, विशेषज्ञों और अधिकारियों की सहभागिता ने और भी खास बना दिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनटीपीसी विंध्याचल के मुख्य महाप्रबंधक(चिकित्सा) डॉ. बी.सी. चतुर्वेदी रहे, जिन्होंने अपने वक्तव्य में पर्यावरणीय चेतना और सामूहिक प्रयासों की महत्ता पर बल दिया। प्रस्तुत किए गए नुक्कड़ नाटक, चित्र प्रदर्शनी और ‘एक बाग हर घर’ जैसे नवाचारों ने हर दर्शक को प्रभावित किया। पैनल चर्चा में पर्यावरण क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों ने भाग लिया। वीएसआर स्टेशनों के पर्यावरण पेशेवरों ने स्थायी विकास के अनुभव साझा किए। एनटीपीसी विंध्याचल, सिंगरौली और रिहंद से आए प्रतिनिधियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए स्थानीय स्तर पर टिकाऊ विकास की संभावनाओं पर चर्चा की। इस अवसर पर एनटीपीसी विंध्याचल से श्री राहुल वर्मा, अपर महाप्रबंधक (एयूडी), श्री शंकर सुब्रमणियम, उप प्रबंधकमानव संसाधन और श्री दिनेश कुमार मीना,कनिष्ठ अभियंता, ईएमजी) – उपस्थित रहे। वहीं एनटीपीसी सिंगरौली से श्री नीरज यादव, अपर महाप्रबंधक(ईएमजी) और श्रीमती दीपिका सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक (ईएमजी) मौजूद रहीं। एनटीपीसी रिहंद से श्री राजीव कुमार मित्तल, अपर महाप्रबंधक(ईएमजी), श्री अमित धीमान, उप महाप्रबंधक(ईएमजी) और श्री रघवेंद्र नारायण, उप महाप्रबंधक(ईएमजी) ने सहभागिता की।कार्यक्रम में श्री आर.एस. बघेल (प्रबंध निदेशक, बघेल इंफ्रास्ट्रक्चर) और डॉ. सुमित गुप्ता (अध्यक्ष, एसडीईसीसी) जैसे विशिष्ट अतिथि भी उपस्थित रहे, जिन्होंने समाज के साथ मिलकर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में काम करने का आह्वान किया। एनटीपीसी का यह प्रयास यह दिखाता है कि विकास के साथ-साथ पर्यावरण की रक्षा भी समान रूप से आवश्यक है, और इस दिशा में हर छोटा कदम बड़ा परिवर्तन ला सकता है।

**खबर संक्षेप**

### जिले में ईद-उल-अजहा की नमाज अदा, अमन-चैन और भाईचारे के पैगाम के साथ मनाया गया त्योहार



**रीवा।** जिले में ईद-उल-अजहा (बकरीद) का पर्व पूरे उल्लास और शांति के साथ मनाया गया। शनिवार सुबह बीहर नदी के तट पर स्थित शहर की ऐतिहासिक घोघर ईदगाह में हजारों मुस्लिम श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से ईद की नमाज अदा की। इस मौके पर शहर काजी मुफ्ती मुहम्मद मुबारक अजहरी ने ईदगाह में इमामत करते हुए अल्लाह के हुक्म की तामील में कुर्बानी की अहमियत और इंसानियत के पैगाम पर रोशनी डाली, शरीअत हिलाल तस्दीक कमेटी के सचिव एडवोकेट महमूद खान ने बताया कि ईद-उल-अजहा का यह पर्व कुरबानी और भाईचारे का प्रतीक है, जिसे जिलेभर में शांति और सौहार्द के साथ मनाया गया। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर मुबारकबाद दी और मुल्क व शहर में अमन-चैन और तरक्की की दुआ मांगी, ईद-उल-अजहा को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए थे। शुक्रवार की रात शहर के प्रमुख बाजारों और संवेदनशील इलाकों में पुलिस ने फ्लैग मार्च (पैदल गश्त) कर शांति और सौहार्द का संदेश दिया। घोघर ईदगाह के अलावा शहर की बड़ी दरगाह, छोटी दरगाह, शाही ईदगाह बिछिया, नूरानी जामा मस्जिद, किला मस्जिद, और अन्य मोहल्लों की मस्जिदों में भी नमाज का आयोजन हुआ। हर जगह प्रशासनिक इंतजाम बेहतरीन रहे। विशेष तौर पर महिलाओं और बुजुर्गों की सहूलियत का भी ध्यान रखा गया।

#### जेल में बंदियों ने भी मनाया पर्व

केंद्रीय जेल रीवा में बंद मुस्लिम कैदियों ने भी नमाज अदा की और पर्व को सादगी के साथ मनाया। जेल प्रशासन द्वारा नमाज की विशेष व्यवस्था की गई थी।

### नशे की खेप लेकर आ रहे बाइक सवार तस्कर से 140 नशीली कफ सिरप बरामद, आरोपी फरार

**रीवा ।** शहर के सिटी कोतवाली पुलिस ने गुरुवार की देर शाम बाइक से जा रही नशे की खेप को पकड़ा है। वही बता दे पुलिस की इस कार्यवाही के दौरान तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। पुलिस ने फिलहाल मौके से बाइक सहित 140 शीशी नशीली कफ सिरप जप्त किया है और बाइक नंबर के आधार पर आरोपियों को ट्रेस कर तलाश कर रही है। दरअसल यह कार्यवाही सिटी कोतवाली पुलिस ने बीती रात धोबिया टंकी स्थित हरिजन बस्ती में की है। कार्यवाही के संबंध में कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद सिंह राठौर ने जानकारी देते हुए बताया कि मुखबिर से मिली सूचना पर धोबिया टंकी स्थित हरिजन बस्ती में घेराबंदी कर बाइक सवार दो युवकों को रोका गया। कार्यवाही के दौरान तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर जहां मौके से भाग खड़े हुएए जबकि मौके से बाइक और नशीले कफ सिरप की शीशियां जप्त कर ली गई।

**सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में आयोजित समारोह में 21 कर्मचारियों को सौंपे गए नियुक्ति पत्र**

# डिप्टी सीएम ने नव नियुक्त पैरा मेडिकल स्टॉफ को वितरित किए नियुक्ति पत्र

**रीवा। उप मुख्यमंत्री तथा लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मेडिकल कालेज से संबद्ध सुपर स्पेशलिटी चिकित्सालय में आयोजित समारोह में चिकित्सालय में नव नियुक्त पैरा-मेडिकल स्टाफ को नियुक्ति पत्र सौंपे। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पैरा मेडिकल स्टाफ का योगदान स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में अत्यंत महत्वपूर्ण है। राज्य सरकार उनके सम्मान और बेहतर कामकाजी परिस्थितियों के लिए प्रतिबद्ध है।**

इस समारोह में हम उन योद्धाओं को सम्मानित कर रहे हैं, जो स्वास्थ्य सेवाओं में अहम भूमिका निभाते हैं। यह नियुक्ति पत्र सिर्फ एक दस्तावेज नहीं, बल्कि आपके जीवन में एक नई जिम्मेदारी का प्रतीक है। पैरा मेडिकल स्टाफ कर्तव्यों का पालन करते हुए मरीजों की देखभाल में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है, जिससे पूरे समाज को लाभ होता है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए निरंतर प्रयासरत है। सरकार का लक्ष्य है कि राज्य के हर नागरिक को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं।



पैरा मेडिकल स्टाफ का योगदान स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को सशक्त बनाने में बहुत ही अहम है। उनकी मेहनत और समर्पण से राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार आ रहा है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने समारोह में 21 पैरा मेडिकल स्टाफ को नियुक्ति पत्र सौंपे। उन्होंने सभी नव नियुक्त कर्मचारियों को उनके नए कार्य की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी और उम्मीद जताई कि वे अपने कर्तव्यों को पूरी निष्ठा से निभाएंगे। समारोह में अधीक्षक सुपर स्पेशलिटी अस्पताल डॉ. अक्षय श्रीवास्तव ने नव नियुक्त पैरा मेडिकल स्टाफ को बधाई देते हुए कहा कि आप सभी अस्पताल के कार्यों को बेहतर करने में अपना योगदान दें।

समारोह में अधीक्षक संजय गांधी अस्पताल डॉ. राहुल मिश्रा, डॉ. प्रियक शर्मा, डॉ. आलोक प्रताप सिंह, डॉ. व्ही.डी. त्रिपाठी, डॉ. एस.के. त्रिपाठी, डॉ. विवेक शर्मा, डॉ. रोहन द्विवेदी, डॉ. अविनाश शुक्ला, डॉ. विजय शुक्ला, डॉ. राकेश सोनी, डॉ. नितिन पाण्डेय, डॉ. अभिताभ द्विवेदी, डॉ. रेणु पटेल, डॉ. नीरज कुमार पटेल, डॉ. आदित्य राय, डॉ. प्रीतम सिंह एवं अन्य स्टॉफ उपस्थित रहे।

## ज्योति किंडर गार्टन स्कूल में मासूम के साथ अमानवीय व्यवहार पर मानव अधिकार आयोग सख्त

### राज्य सरकार को नोटिस जारी, एसपी चार सप्ताह के भीतर जांच पूरी करने के निर्देश

**रीवा। शहर के ज्योति किंडरगार्टन स्कूल स्कूल में मासूम छात्र के साथ हुए क्रूर व्यवहार पर राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग ने सख्त रुख अपनाया है। आयोग ने इस मामले में मध्यप्रदेश सरकार को कारण बताओ नोटिस जारी किया है और पांच वर्षीय पीड़ित बालक को 50 हजार रुपये की क्षतिपूर्ति देने की अनुशंसा की है। साथ ही रीवा पुलिस अधीक्षक से चार सप्ताह के भीतर जांच रिपोर्ट मांगी गई है।**

यह घटना 18 जनवरी 2025 को घटित हुई थी, जब रीवा के ज्योति किंडरगार्टन स्कूल में अध्ययनरत एक नन्हे छात्र शारीरिक अस्वस्थता के चलते खुद को नियंत्रित नहीं कर सका। और स्वयं को गंदा कर लिया, आरोप है कि इसके बाद स्कूल की एक महिला अटेंडेंट ने बच्चे से उसके ही गंदे कपड़ों से सफाई करवाने का दबाव डाला और उसे उसी हालत में लंबे समय तक बैठाए रखा, जिससे उसकी तबीयत और बिगड़ गई। यह मामला तब सुर्खियों में आया जब भाजपा नेता गौरव तिवारी ने इसे सार्वजनिक मंच पर उठाया। इसके बाद मानव अधिकार आयोग ने संज्ञान लेते हुए रीवा कलेक्टर और एसपी से रिपोर्ट मांगी। पुलिस द्वारा प्राथमिक जांच के बाद स्कूल प्रबंधन पर आपराधिक प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। स्कूल प्रशासन ने फिलहाल कार्रवाई करते हुए संबंधित अटेंडेंट को सेवा से मुक्त कर दिया है और उस कक्षा की शिक्षिका को भी छह महीने के लिए निलंबित कर दिया गया है। मानव अधिकार आयोग ने अपनी टिप्पणी में कहा है कि यह सिर्फ एक बच्चे के साथ अन्याय नहीं है, बल्कि यह घटना बच्चों के सम्मान, अधिकारों और शिक्षा की गरिमा के खिलाफ गंभीर उल्लंघन का प्रतीक है। आयोग ने राज्य के मुख्य सचिव से यह स्पष्टीकरण मांगा है कि आखिर क्यों पीड़ित बालक को मुआवजा न दिया जाए। अब राज्य सरकार की प्रतिक्रिया के आधार पर आयोग आगामी निर्णय लेगा।

#### जाँच में ये तथ्य सामने आए

घटना की पुष्टि स्कूल प्राचार्य ने भी की है,जिला शिक्षा अधिकारी की रिपोर्ट के आधार पर विद्यावती की सेवा समाप्त कर दी गई और कक्षा शिक्षिका को 6 महीने के लिए निलंबित किया गया। थाना विश्वविद्यालय में एफआईआर संख्या 03/2025 दर्ज की गई है, जिसमें भारतीय दंड संहिता की धारा 238 बीएनएस और जेजे अधिनियम की धारा 75 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

#### आयोग की टिप्पणी

आयोग ने कहा कि यह घटना न केवल मानसिक व शारीरिक उत्पीड़न का मामला है, बल्कि मौलिक और वैधानिक अधिकारों का घोर उल्लंघन भी है। आरटीई अधिनियम की धारा 17 के तहत बच्चों पर किसी भी प्रकार का शारीरिक दंड या मानसिक उत्पीड़न प्रतिबंधित है। चूंकि यह निजी विद्यालय राज्य शासन के विनियमन में आता है, इसलिए इस लापरवाही के लिए राज्य सरकार भी उत्तरदायी है।

## 6 माह पहले वैवाहिक कार्यक्रम के दौरान पुलिस कर्मी के भाई को गोली मारने वाला आरोपी गिरफ्तार

### छत्तीसगढ़ से प्रोटक्शन वारंट में रीवा लाया गया आरोपी

**रीवा।** शहर के चोरहटा थाना अंतर्गत विगत 6 माह पहले शादी समारोह के दौरान टीआई के भाई को गोली मारने वाले आरोपी को आखिरकार पुलिस ने 6 माह बाद गिरफ्तार कर लिया है। घटना शहर के चोरहटा थाना क्षेत्र के मैरिज गार्डन में हुई थी, जहां वर और वधू पक्ष के बीच हुए विवाद के दौरान गोलीचालन की वारदात को अंजाम दिया गया था। मामले में फिलहाल पुलिस ने घटना के छह माह बाद आरोपी को छत्तीसगढ़ से गिरफ्तार कर लिया है जिसे न्यायालय से मिले प्रोटेक्शन वारंट पर रीवा लाया गया है। पुलिस फिलहाल आरोपी से घटना के संबंध में पूछताछ कर रही है और वारदात में प्रयुक्त हथियार बरामद करने का प्रयास कर रही है। घटना के संबंध में चोरहटा थाना प्रभारी आशीष मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि 18 नवंबर 2024 को एक मैरिज गार्डन में आयोजित शादी समारोह के दौरान वर और वधू पक्ष के बीच हुए विवाद में गोली चालन की घटना को अंजाम दिया गया था। बताया गया कि घटना में गोली पुलिस विभाग में पदस्थ टीआई के भाई को लगी थी। मामले में घायल की शिकायत पर दीप सिंह नाम के आरोपी के खिलाफ नामजद केस दर्ज कर आरोपी की तलाश की गई, इस बीच आरोपी छत्तीसगढ़ में एनडीपीएस के मामले में गिरफ्तार हुआ, जिसे न्यायालय से मिले प्रोटेक्शन वारंट पर छत्तीसगढ़ से रीवा लाया गया है और अब घटना के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

#### चोरहटा बाईपास में लावारिश हालत में मिली फार्चूनर कार

चोरहटा थाना क्षेत्र में चंद्रलोक होटल के समीप एक फॉर्चूनर गाड़ी लावारिश हालत में मिली है, जिसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने तत्काल वाहन को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरु कर दी है। प्रथम दृष्टया जांच में जो सामने आया बताया गया कि फॉर्चूनर चार पहिया वाहन में जो नंबर एमपी 17 सीसी 8864 की नंबर प्लेट लगी है वह आरटीओ में फॉर्चूनर की जगह एक्सयूवी 300 के नाम से रजिस्टर्ड है। ऐसे में अब पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है कि ऐसा आखिर क्यों और किन परिस्थितियों में है।

## मऊगंज में दिव्यांगजनों को निशुल्क सहायक उपकरण वितरित कार्यक्रम का हुआ आयोजन

### कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक देवतालाब गिरीश गौतम रहे



**मऊगंज।** भारत सरकार (सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय) देश के विभिन्न जिलों के 75 आकांक्षी ब्लाकों में क्रमबद्ध ₹सामाजिक अधिकारिता शिविरों₹ के माध्यम से भारत सरकार की एडिप योजनान्तर्गत दिव्यांगजनों को निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम के तहत आज दिनांक 07/06/2025 को मऊगंज जिले में एलिमको भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (भारत सरकार का उपक्रम) के माध्यम से निःशुल्क उपकरण वितरण कार्यक्रम हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व विधायक देवतालाब श्री गिरीश गौतम जी जनपद अध्यक्ष श्रीमती नीलम सिंह, जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र शुक्ला, नईगढ़ी जनपद उपाध्यक्ष जुल्फी लाल साकेत, सीईओ मऊगंज राम कुशल मिश्रा सहित अन्य कर्मचारी अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन, जिला दिव्यांग पुर्नवास केंद्र (सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग), व भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी रीवा के संयुक्त प्रयास से सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। शिविर में जिला प्रशासन जिला दिव्यांग पुर्नवास टीम से लेखा व भंडार प्रभारी श्री संदीप चतुर्वेदी ने जानकारी दी की मऊगंज जिले में दिव्यांगजनों हेतु निःशुल्क उपकरण व सहायक उपकरण वितरण में अस्थि बाधित दिव्यांगजनों को 21 नग हस्तचलित तिपहिया साइकिल, 03 नग व्हील चेयर, 06 नग बैटरी युक्त तिपहिया साईकल, 08 नग वाकिंग स्टिक नेत्रहीन दिव्यांगजनों हेतु 04 नग सुगमन्य केन मानसिक दिव्यांगजनों हेतु 04 नग टीएलएम किट व श्रवण बाधित दिव्यांगजनों को 12 नग हियरिंग ऐड(कान की मशीन) निःशुल्क उपकरण सहायक उपकरण वितरित किया गया है।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान में कृषकों को दी गई कृषि संबंधी जानकारी



**मऊगंज।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत मऊगंज जिले के ग्राम पंचायत पथरहा नम्बर दो एवं ढेरा में कृषकों को कृषि के संबंध में उन्नत तकनीक सहित शासन की विभिन्न योजनाओं के विषय में जानकारी दी गई। कृषि वैज्ञानिक डॉ राजेश सिंह सहित कृषि विभाग के अधिकारियों ने कृषि, उन्नत बीज, पशुपालन, उद्यानिकी एवं मत्स्य पालन के संबंध में कृषकों को जानकारी दी गई तथा उनकी समस्याओं का निराकरण किया गया। इस अवसर पर एसएडीओ उमेशचन्द्र हतागले, एईओ अरूण इंग्ला व सुरपाल चौहान, आत्मा परियोजना के मनु द्विवेदी एवं सपना पाण्डेय, पशुपालन विभाग के रामबहादुर सिंह एवं बैंक प्रतिनिधि रामरतन मिश्रा ने कृषकों को कृषि व अन्य विभागीय जानकारियों से अवगत कराया। कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को धान की उन्नत किस्म, धान रोपाई के यंत्र तथा खाद के संतुलित उपयोग के संबंध में जानकारी दी। किसानों को मिट्टी का परीक्षण कराने एवं मृदा हेल्थ कार्ड के अनुसार फसलों में खाद के उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। पशुपालन विभाग की डॉ अम्बेडकर कामधेनु योजना, आचार्य विद्यासागर गौ संवर्धन योजना तथा पशुओं के टीकाकरण के संबंध में जानकारी दी गई। वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी ने किसानों को बीजोपचार, मोटे अनाजों की खेती, दलहन तथा तिलहन फसलों के उन्नत बीज एवं कृषि उपकरणों की जानकारी दी। किसानों को फसलों में खरपतवार नियंत्रण एवं जैविक दवाओं के उपयोग से कीट नियंत्रण के लिए प्रेरित किया गया। किसानों को नरवाई न जलाने और इससे खाद बनाने की सलाह दी गई।

## जिला स्तरीय सलाहकार समिति की त्रैमासिक समीक्षा बैठक संपन्न



**मऊगंज।** जिला स्तरीय सलाहकार समिति की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार मे आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता कलेक्टर संजय कुमार जैन ने किया वही विशिष्ट अतिथि के तौर पर संयुक्त कलेक्टर राजेश मेहता, आरबीआई के एलडीओ विनय मोरे ,डीडीएम नाबार्ड सरोज कुमार जैन, उपस्थित रहे वही बैठक का संचालन एलडीएम मऊगंज ज्योत्सना अग्रवाल ने किया जिले में नये कलेक्टर की पहली बैठक होने के कारण सभी उपस्थित अधिकारियों का परिचय प्राप्त किया तत्पश्चात सभी बैंक की अलग-अलग समीक्षा हुई कलेक्टर ने कहा की जो शासकीय योजनाएं हैं उन पर विशेष ध्यान देना है कि उनका क्रियान्वयन हर हालत में निर्धारित समय के अंदर किया जाए तथा जो हितग्राही मूलक कार्य है उन पर भी विशेष ध्यान देना है कुछ बैंकों में देखने को मिला है की आवेदन आने के बाद ना स्वीकृत किए जाते और ना ही रिजेक्ट किए जाते इसलिए जो भी ऑनलाइन आपकी शाखा में आवेदन आए उसका विधिवत परीक्षण करें और यदि सही है तो स्वीकृत करें और यदि विशेष दिक्कत है तो इसका विधिवत कारण दर्शाने के बाद ही उस आवेदन को निरस्त करें कुछ बैंकों द्वारा कहा गया कि बहुत ऐसे लोग हैं जो की लोन ले लिए और अब बैंक की राशि अदा नहीं कर रहे हैं इसलिए परेशानी हो रही है कलेक्टर ने निर्देशित किया है कि आप बड़े बकायेदारों की सूची मुझे उपलब्ध कराये हम प्रशासनिक तौर पर आपका सहयोग करेंगे बैठक में कुछ बैंकों के नोडल अधिकारी एवं विभागों के विभाग प्रमुख अनुपस्थित थे इसमें कलेक्टर द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई है और कहा गया किं तुरंत नोटिस जारी की जायेगी ऐसा नहीं चलेगा बैठक में अनिवार्य रूप से अपने विभाग की जानकारी लेकर उपस्थित रहना अनिवार्य है बैठक में प्रमुख रूप से असिस्टेंट काउंसलर वित्तीय साक्षरता (आरोह फाउंडेशन) संतोष कुमार मिश्र यूनियन बैंक मऊगंज से देवाशीष सरकार स्टेट बैंक मऊगंज से मिर्जा दिनेश यूनियन ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान की डायरेक्टर मीना संखवार एनआरएलएम से अविनाश पटेल पशु चिकित्सा विभाग बीएफए अशोक पयासी सहित अन्य बैंकों के शाखा प्रबंधक एवं विभाग प्रमुख उपस्थित रहे कार्यक्रम के अंत में एलडीएम ने आए हुए सभी अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

## मऊगंज में हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया ईदुल-अजहा का त्यौहार

### जन प्रतिनिधियों एवं आमजन सहित समाजसेवियों ने गले मिलकर दी एक दूसरे को बधाईयां

**मऊगंज। देश भर के साथ जिले में भी कुर्बानी का त्यौहार ईदुल अजहा यानी बकरीद हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर सुबह जिला मुख्यालय सहित नईगढ़ी खटखरी पहाड़ी हनुमना जैसे स्थानों पर ईदगाह में मुस्लिम संप्रदाय के लोगों ने बड़ी अकीदत के साथ त्याग एवं बलिदान के इस पर्व पर एक साथ नमाज अदा की।**

बकरीद के पर्व पर एक दूसरे से गले मिलकर देश प्रदेश समाज एवं परिवार के सुख समृद्धि की दुआ मांगीबता दें कि बकरीद का यह पर्व मुख्य रूप से हजरत इब्राहिम और हजरत इस्माइल के बलिदान के समर्पण को याद करता है। इस्लाम समुदाय में बकरीद का महत्व बहुत उच्च होता है जिसे वे बड़े ही धूमधाम से मनाते हैं। इस्लाम धर्म के अनुसार इस दिन के मौके पर बकरे की कुर्बानी देने का विशेष महत्व है। इसे बलिदान के प्रतीक के रूप में देखा जाता है। शनिवार को बकरीद के पवित्र पर्व पर लोग एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद देकर समाज एवं परिवार के साथ खुशियों का जश्न मनाया।सामूहिक नमाज के बाद ईदगाह के बाहर खड़े हर धर्म समाज के लोग,जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी आपसी भाईचारे के साथ गले मिलकर एक दूसरे को त्योहार की बधाइयां दी ।



जिला मुख्यालय सहित अन्य जगहों की तरह नईगढ़ी में हाफिज मोहम्मद फैज की अगुवाई में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने नमाज अदा की।त्योहार को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी के दिशा निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह परिहार के मार्गदर्शन में मऊगंज नईगढ़ी लौर शाहपुर हनुमना क्षेत्र में स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों एवं पुलिस द्वारा बेहतर व्यवस्था बनाई गई जिसके चलते कुर्बानी का त्यौहार बकरीद लोगों ने खुशियों के साथ मनाया। जिला प्रशासन द्वारा बनाई गई बेहतर व्यवस्था के लिए क्षेत्र के लोगों ने जिला प्रशासन मऊगंज एवं स्थानीय अधिकारियों कर्मचारियों के प्रति कृतज्ञता जाहिर की है।